# BABA PSYCHQ

(A Unit of Kamal Lok Kalyan Samiti)

Follow us on

10 Aug 2023



**B.N. Dubey**
**Director**

# DAILY CURRENT AFFAIRS
## GK BOOSTER

SSC | BANK | RAILWAY | AIRFORCE

NAVY | NDA | पुलिस | Other Competitive Exam


Save this Number
9431436233
For Daily Current Affairs /PDF Notes/Job Notifications

Address : Dalluchak, Near Dr. Keshav Babu's Clinic, Khagaul, Patna

Contact : 9431436233, 9304291333

# BABA PSYCHO

## 10 अगस्त का इतिहास

- **2010 :** भारत ने उपग्रह स्थिति तंत्र आधारित विमान प्रचालन तंत्र गगन का सफल परीक्षण किया।
- **1977 :** झण्डा गीत विजयी विश्व तिरंगा प्यारा के रचयिता श्यामलाल गुप्त पार्षद का निधन हुआ।
- **1945 :** द्वितीय विश्व युद्ध में जापान की पराजय के बाद कोरिया का उत्तरी भाग रूस की लाल सेना के अधिकार में चला गया और कुछ दिनों बाद कोरिया का दक्षिणी भाग अमरीका के अधिकार में चला गया।

## 10 अगस्त से संबंधित करेंट अफेयर्स

- डिजिटल स्वास्थ्य प्रोत्साहन योजना को 31 दिसंबर 2023 तक बढ़ा दिया गया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण द्वारा आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत डिजिटल स्वास्थ्य प्रोत्साहन योजना के विस्तार की घोषणा की गई हैं।
- नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट ने राजस्थान सरकार को वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए ग्रामीण बुनियादी ढांचे विकास निधि के तहत कुल राशि 1,974.07 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। इस पर्याप्त वित पोषण का उद्देश्य ग्रामीण समुदायों की जीवन स्थितियों को ऊपर उठाना और क्षेत्र में आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। स्वीकृति राशि का मुख्य भाग 930.44 करोड़ रुपये, तीन महत्वपूर्ण ग्रामीण पेयजल आपूर्ति परियोजनाओं के लिए निर्धारित किया गया है। ये परियोजनाएं अजमेर, जालौर, और कोटा जिलो में लागू की जाएगी, जिसका उद्देश्य 2500 गांवों में घरेलू उपभोक्ताओं को साफ और पियूषी जल प्रदान करना है।
- भारत के पास पांच वर्षो में अपना पहला ध्रुवीय अनुसंधान पोत होगा। पोत की अनुमानित लागत 2600 करोड़ हैं। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरने रिजिजू ने कहा कि पोत का प्रस्ताव चालू वित वर्ष के दौरान कैबिनेट की मंजूरी के लिए जाने की संभावना हैं। 2014 में पोत के अधिग्रहण के लिए 1051 करोड़ की मंजूरी दी गई थी और इस उद्देश्य के लिए एक निविदा जारी की गई थी।
- शोहिनी सिन्हा एक भारतीय अमेरिकी, एफबीआई डायरेक्टर क्रिस्टोफर रे के द्वारा सॉल्ट लेक सिटी फील्ड ऑफिस के नए स्पेशल एजेंट इन जार्च के रूप में चयनित की गई है। पहले, वह वाशिंगटन, डीसी में एफबीआई हेडक्वार्टर के निदेशक के विशेष सहायक के पद पर थी।
- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने एक नया मोबाइल एप राजमार्गयात्रा लॉन्च किया हैं। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने एक एकीकृत मोबाइल एप्लिकेशन राजमार्गयात्रा पेश करके राजमार्ग उपयोगकर्ता अनुभव को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया हैं। इस ऐप का उद्देश्य राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं के लिए व्यापक जानकारी और कुशल शिकायत निवारण प्रदान करना है, जिससे उनकी यात्राएं निर्बाध और सुरक्षित हो सकें।
- अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर में 1309 स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जाएगा। पहले चरण में 508 स्टेशनों को शामिल किया गया है, जिन पर 24,470 करोड़ रूपये की लागत आएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पहले चरण में शामिल रेलवे स्टेशनों के नवीनीकरण कार्य की आधारशिला रखेंगे। इस दौरान वह यात्रियों को भी संबोधित करेंगे। इस योजना के तहत रेलवे स्टेशनों को सिटी सेंटर के रूप में विकसित किया जाएगा।
- राजस्थान कैबिनेट ने राज्य में 19 नए जिलों ओर तीन नए संभागों के गठन को मंजूरी दी हैं। राजस्थान में अब जिलों की कुल संख्या 33 से बढ़कर 50 हो जाएगी। जयपुर जिले को जयपुर और जयपुर ग्रामीण में विभाजित किया गया हैं। जोधपुर जिले को जोधपुर एवं जोधपुर ग्रामीण में विभाजित किया गया हैं। राज्य में अब कुल संभागों की संख्या 10 होगी। नए संभाग बांसवाड़ा, पाली और सीकर हैं।
- शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर द्वारा स्टडी इन इंडिया पोर्टल लॉन्च किया गया। यह पोर्टल एक वन-स्टॉप प्लेटफॉर्म है जो विदेशी छात्रों के लिए भारत में शिक्षा प्राप्त करना आसान बना देगा। पोर्टल पर भारत में उच्च शिक्षा संस्थानों के बारे में व्यापक जानकारी उपलब्ध होगी। पोर्टल छात्र पंजीकरण और वीजा आवेदन प्रक्रिया के लिए एक एकीकृत वन-स्टॉप समाधान भी प्रदान करेगा।
- केंद्र सरकार ने लैपटॉप, टैबलेट, ऑल-इन-वन पर्सनल कंप्यूटर और अल्ट्रा स्मॉल फॉर्म फैक्टर कंप्यूटर और सर्वर के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया हैं। इन वस्तुओं के आयात को अब प्रतिबंधित आयात के वैध लाइसेंस पर अनुमति दी जाएगी। हालांकि एक लैपटॉप, टैबलेट और ऑल इन वन पर्सनल कंप्यूटर के आयात को आयात लाइसेंसिंग आवश्यकता से छूट दी गई हैं। अनुसंधान और विकास परीक्षण, मरम्मत और वापसी के लिए प्रति खेप 20 वस्तुओं तक को आयात लाइसेंसिंग आवश्यकता से छूट दी गई है।
- प्रसिद्ध कला निर्देशक नितिन चंद्रकांत देसाई का 57 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स




**1. विश्व जैव ईधन दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 10 अगस्त (B) 11 अगस्त
(C) 12 अगस्त (D) 13 अगस्त

**(A)** ईधन के अपरंपरागत स्त्रोतों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 10 अगस्त को विश्व जैव ईधन दिवस मनाया जाता हैं। यह दिवस पारंपरिक जीवाश्म ईधनों के विकल्प के रूप में गैर-जीवाश्म ईधनों के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाता है तथा जैव ईधन क्षेत्र में सरकार द्वारा किये गए विभिन्न प्रयासों पर प्रकाश डालता है।




**2. विश्व शेर दिवस प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है ?**

(A) 7 अगस्त (B) 9 अगस्त
(C) 10 अगस्त (D) 12 अगस्त

**(C)** विश्व शेर दिवस हर साल 10 अगस्त को शेरों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। यह दिन शेर के संरक्षण के लिए समर्थन जुटाने का भी प्रयास करता हैं। शेरों की रक्षा की पहल 2013 में शुरू हुई थी इसलिए पहला विश्व शेर दिवस 2013 में ही मनाया गया था।



**3. क्रेडिट ऑन यूपीआई को बढ़ावा देने के लिए किस बैंक ने कीवी के साथ साझेदारी की है ?**

(A) एक्सिस बैंक (B) डीसीबी बैंक
(C) ADB (D) HDFC

**(A)** क्रेडिट यूपीआई पर आधारित क्रेडिट को संभव बनाने में एक विशेषज्ञ फिंटेक कंपनी, किवी ने एक्सिस बैंक के साथ साझेदारी की है, जिसके माध्यम से अपने ऐप के माध्यम से लाइफटाइम मुफ्त एक्किस क्विक क्रेडिट कार्ड की शुरूआत की हैं। किवी और एक्सिस बैंक की इस साझेदारी का उद्देश्य यह है कि ग्राहकों को यूपीआई के तेज और सुरक्षित भुगतानों की सुविधा प्रदान की जाए, जबकि क्रेडिट और कार्ड रिवॉर्ड के लाभ का आनंद उठाया जाए।




**4. हाल ही में स्टार्टअप इंडिया पहल के तहत कितनी संस्थाओं को मान्यता दी है ?**

(A) 20,595 (B) 45,898
(C) 74,325 (D) 98,911

**(D)** उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग ने 16 जनवरी 2016 को लॉन्च होने के बाद से स्टार्टअप इंडिया पहल के तहत 98,911 संस्थाओं को मान्यता दी हैं। इस पहल के पीछे प्राथमिक लक्ष्य एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है जो नवाचार को बढ़ावा देता है, उद्यमिता को प्रोत्साहित करता है और स्टार्टअप क्षेत्र में निजी निवेश को आकर्षित करता है।



**5. हाल ही में सागर सेतु के तहत पोर्ट हेल्थ ऑर्गनाइजेशन की शुरूआत किसने की है?**

(A) सर्बानंद सोनोवाल (B) अमित शाह
(C) पीयूष गोयल (D) अरविंद केजरीवाल

**(A)** केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने सागर सेतु के तहत पोर्ट हेल्थ ऑर्गनाइजेशन मॉडयूल का शुभारंभ किया। यह व्यवसाय करने में आसानी को बढ़ावा देने के लिए एक तेज और सरल इकोसिस्टम को सक्षम करने का एक प्रयास हैं। पीएचओ नागरिकों और पत्तन श्रमिकों की सुरक्षा के लिए रोग निगरानी, स्वास्थ्य निरीक्षण और क्वॉरन्टीन उपाय करेगा।

**6. हाल ही में भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में कौनसा पदक जीता ?**



(A) कांस्य पदक (B) स्वर्ण पदक

(C) रजत पदक (D) इनमें से कोई नहीं

**(B)** भारतीय महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीम जिसमें ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर शामिल हैं, ने बर्लिन में विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीते। भारतीय टीम ने मेक्सिको को 235-229 के शानदार स्कोर से हराया। भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में कोलंबिया को और क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे को हराया।

**7. हाल ही में किस देश के एलेक्स हेल्स ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया है ?**



(A) जापान (B) इंग्लैंड

(C) ऑस्ट्रेलिया (D) न्यूजीलैंड

**(B)** एलेक्स हेल्स ने 34 वर्ष की उम्र में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया है। वे टी-20 विश्व कप विजेता के रूप में अपने इंग्लैंड करियर से हमेशा के लिए खुद को विदा करते हैं, जिसका उद्घाटन उन्होंने पिछले साल नवंबर में एमसीजी में पाकिस्तान के खिलाफ उनके पांच विकेट से जीत के खेल में किया था।

**8. हाल ही में किस राज्य की विधानसभा ने प्रतियोगी परीक्षाओं में नकल रोकने के लिए विधेयक पारित किया ?**



(A) झारखंड (B) राजस्थान

(C) उत्तरप्रदेश (D) मध्यप्रदेश

**(A)** झारखंड विधानसभा ने प्रतियोगी परीक्षाओं में नकल पर लगाम लगाने के लिए एक विधेयक को मंजूरी दे दी। बीजेपी ने विधेयक की प्रतियां फाड़कर इसे एक काला कानून करार दिया। विपक्ष के विरोध के बीच विधेयक पारित हो गया। नए कानून में जुर्माना और आजीवन कारावास का प्रावधान है।

**9. हाल ही में किस देश के प्रधानमंत्री ने नेशनल असेंबली को भंग करने की घोषणा की है ?**




(A) नेपाल (B) श्रीलंका

(C) पाकिस्तान (D) भूटान

**(C)** हाल ही में पाकिस्तान में एक महत्वपूर्ण राजीनतिक घटनाक्रम के तहत प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पाकिस्तान की संसद नेशनल असेंबली को भंग करने की घोषणा की हैं। यह निर्णय, शहबाज शरीफ ने सांसदों के साथ देश की राजनीतिक स्थिति पर विस्तृत चर्चा के बाद लिया।

**10. हाल ही में किस बैंक ने चालू वित वर्ष की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ 178% दर्ज किया है ?**




(A) PNB (B) BOB

(C) SBI (D) HDFC बैंक

**(C)** हाल ही में भारतीय स्टेट बैंक ने चालू वित वर्ष की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ 178% दर्ज किया हैं। जबकि बैंक की ब्याज से होने वाली आय में 25 फीसदी की उछाल दर्ज किया गया हैं। इससे पहले साल की समान तिमाही में एसबीआई का नेट प्रॉफिट 6,068.08 करोड़ रूपये रहा था।